卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 220 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦21 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया



# R.A.N PUBLIC SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E. (10+2)

## CBSE BOARD RESULT 2023-24

35 Years of Dedicated Service

4TH UTTARAKHAND TOPPER
3RD DISTRICT TOPPER(U.S.N)

## CLASS XII TOPPERS

3RD DISTRICT TOPPER (RAMPUR)



MAULIK KAKKAR 98.6% | SWARNIM VERMA 98.6% | APOORVA JINDAL 98.2% | DIVYA AHUJA 98% | PAVNEET SINGH 97.8%

## CLASS X TOPPERS

Heartiest Congratulations!





ARADHYA SRIVASTAVA 98.2% | PALCHIN ADHIKARI 98.2% | ANSHIKA SATSANGI 98.2%

## CLASS X STUDENTS SECURING 95% & ABOVE



Prakhar Agarwal 98% | Ojus Mathur 97.6% | Arshita Agarwal 97.4% | Agastya Saini 97.4% | Kushagra Saxena 97.4% | Arnav Saini 97.4% | Sanyog Arora 97.4% | Riddhi Goyal 97.4% | Aditi Agarwal 97.2%



Mehul Arora 97% | Rishi Shrivastav 97% | Rudra Pratap Singh 96.8% | Shavi Jalhotra 96.8% | Abhimanyu Papneja 96.8% | Sampada Tewari 96.8% | Shreya Yadav 96.8% | Vidhan Varshney 96.8% | Aradhya Miglani 96.6%



Advika Agarwal 96.4% | Ananya Singh 96.4% | Kanakshree 96.4% | Adish Thakur 96.2% | Archit Mishra 96.2% | Utsav Goswami 96% | Sparshi Rastogi 96% | Abhay Kakkar 96% | Simran Ahuja 96%



Ayush 95.8% | Aksh Goyal 95.8% | Aayushi Visoulia 95.8% | Khushi yadav 95.6% | Shashwat Maloo 95.6% | Shreya Garg 95.6% | Vartika Babbar 95.6% | Anjali Pandey 95.6% | Suryansh Singh 95.6%



Devansh garg 95.6% | Prathmey Mishra 95.4% | Raul Singh 95.4% | Jiya Chhabra 95.4% | Srishti Agarwal 95.4% | Harsh Mishra 95.2% | Gurleen Kaur 95.2% | Shrishti Shakya 95.2% | Shivangi Kaushik 95% | Prabhraj Singh 95%

- 100% Result
- Highest Class Average.
- Maximum No. Of Students Getting Adove 90% In Town.
- 36 Students In Class X And 37 Students In Class XII Secured 100% Marks In Different Subjects.

## CLASS X STUDENTS SECURING 90% & ABOVE

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Dhairya Chhabra | 94.8% | Anshika Agarwal | 94.2% | Jatin Sharma | 93.2% | Ujjwal Arora | 92% | Khushman Kaur | 90.6% |
| Navya Mishra | 94.8% | Tanmay Singh | 94.2% | Anshika Agarwal | 93.2% | Aastha Singh | 91.8% | Saksham Jain | 90.6% |
| Ishita Pant | 94.8% | Daksh Singh | 94.2% | Swarnika Rawat | 93.2% | Shivansh Gautam | 91.8% | Ritika | 90.4% |
| Sidh Thukral | 94.8% | Bhavya Jindal | 94% | Aakriti Saxena | 93.2% | Hunarjeet | 91.8% | Shane Visoulia | 90.4% |
| Rakshita Arora | 94.4% | Siddhantika Gaur | 94% | Mishti Devgan | 93% | Pratishtha Sharma | 91.6% | Vibhor Chaturvedi | 90.4% |
| Himadri Gupta | 94.6% | Vrinda Banga | 93.8% | Krishna Agarwal | 93% | Jasleen Kaur | 91.6% | Aradhya Middha | 90.4% |
| Bhavy Agarwal | 94.4% | Zakia Sharif | 93.8% | Harsuhaan Kaur | 93% | Nitika Singh | 91.4% | Ridhamdeep Kaur | 90.4% |
| Simran Ahuja | 94.4% | Gargi Pipania | 93.8% | Meet Ahuja | 92.8% | Anshika Agarwal | 91.4% | Anshika Agarwal | 90.2% |
| Urmika Dhar | 94.4% | Naman Dhoundiyal | 93.8% | Keerat Kaur | 92.8% | Saksham Raj Singh | 91.2% | Saanvi Agarwal | 90.2% |
| Bhumika Agarwal | 94.4% | Mehar Jham | 93.6% | Pratyaksh Singh | 92.8% | Madhav Pasricha | 91% | Aakriti Saxena | 90% |
| Radhika Mourya | 94.4% | Kritika Popli | 93.6% | Vinayak Ahuja | 92.6% | Navya Kapoor | 90.8% | Lucky Pargai | 90% |
| Meenakshi Tiwari | 94.2% | Anubhav Singh | 93.4% | Nivan Kamra | 92.6% | Geetanshi Virdi | 90.8% | Palak Saxena | 90% |
| Shiven Agarwal | 94.2% | Ayan Verma | 93.4% | Shobhit Agarwal | 92.2% | Mansirj Singh | 90.8% | Simranjeet Kaur | 90% |
| Kartik Arora | 94.2% | Farhaan Khan | 93.2% | Sparsh Garg | 92.2% | Shaurya Chauhan | 90.6% | | |

Best wishes
Principal

BRANCHES : • RAN Bilaspur (UP) : 05944-297738, 9068809205, e-mail : ranbilaspur1@gmail.com, • RAN Dibdiba (UP) : 9760083000, e-mail : ranbilaspur1@gmail.com, • BHURARANI (U.K.). Ph.: 9557311223, 9412088502, e-mail : ranschool.rdp@hotmail.com, • RAN KIDS, BHURARANI (U.K.) Ph.: 9917966944, 7900306306, • Website : www.ranbilaspur.edu.in; www.ranrudrapur.edu.in

# व्यवस्थित रूप से संचालित करें चारधाम यात्रा

## सीएम धामी ने प्रदेश में पेयजल संकट और बिजली की कटौती की सूचनाओं पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिये

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को समीक्षा बैठक में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन स्थगित रखने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि चारों धामों में निर्धारित संख्या के हिसाब से ही श्रद्धालुओं को भेजा जाए। जो श्रद्धालु बिना रजिस्ट्रेशन उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें राज्य के अन्य धार्मिक, पौराणिक और पर्यटक स्थलों पर जाने के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया। उन्हें साफ कर दिया जाए कि चारों धामों में निर्धारित संख्या व तय मानकों के अनुसार ही दर्शन के लिए भेजा जाएगा। सोमवार को सचिवालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने गढ़वाल कमिश्नर और आईजी को इसका डायवर्जन प्लान बनाने के निर्देश दिए। चारधाम यात्रा के लिए भीड़ प्रबंधन का विशेष ध्यान रखे जाने के साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि चारों धामों में श्रद्धालुओं की जो संख्या निर्धारित की गई है उसके अनुसार ही श्रद्धालुओं को भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने टूर ऑपरेटरों के लिए भी एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टूर ऑपरेटर्स को ताकीद करें कि वे पर्यटन विभाग से समन्वय बनाकर ही श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा के लिए लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 दिनों में चारधाम यात्रा के प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं जो कमियां और दिक्कतें सामने आई हैं उनका विश्लेषण किया जाए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को



निर्देश दिए कि वे 10 दिन के विश्लेषण के साथ ही दिक्कतों के समाधान की रिपोर्ट दें। रिपोर्ट में यात्रा प्रबंधन के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों का भी जिक्र हो। सीएम ने कहा कि केदारनाथ और यमुनोत्री में शासन और पुलिस के जिन अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है वे निरंतर फील्ड में रहें और व्यवस्थाओं में जिलाधिकारी और पुलिस का सहयोग करें। यात्रा मार्गों पर पर्याप्त चिकित्सकों और दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखें। उन्होंने ताकीद किया कि चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न इलाकों में पेयजल संकट और बिजली की कटौती की सूचनाओं पर चिंता जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को जमकर कसा। उन्होंने पेयजल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जहां पेयजल की कमी है वहां टैंकरों और अन्य माध्यमों से पेयजल की व्यवस्था की जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में ओवरहेड टैंक मूल जल स्रोतों से दूर बनाए जाएं। वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में जाकर पेयजल व्यवस्थाओं को देखें। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान सीएम ने सख्त निर्देश दिए कि लोगों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के एलाइनमेंट में जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# प्रभारी सचिव ने किया यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण



श्रीनगर। प्रभारी सचिव यात्रा डॉ. आर राजेश कुमार आज केदारनाथ यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने श्रीनगर में अधिकारियों के साथ संक्षिप्त मुलाकात की। डॉ. राजेश ने बताया कि चार धाम यात्रा सुव्यवस्थित और सुचारु रूप से चल रही है। डॉ. राजेश ने बताया कि बदरीनाथ नेशनल हाइवे पर कहीं भी जाम की स्थिति नजर नहीं आ रही है। उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा मार्ग को बेहतर बना दिया गया है। जो भी छोटी-मोटी दिक्कते हैं उनका जल्द ही जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रीजी ने यमुनोत्री रुट के भ्रमण के दौरान यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए अधिकारियों को कुछ जरुरी निर्देश दिए थे। इसलिए वह यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मिले सभी महत्वपूर्ण तथ्य मुख्यमंत्री और अन्य सचिवगणों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रियों की स्क्रीनिंग के लिए 50 स्क्रीनिंग प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग अब तक 50 साल से ऊपर और नीचे आयु वर्ग के 1.20 लाख से ज्यादा यात्रियों की स्क्रीनिंग कर चुका है। यात्रा को देखते हुए 26 मेडिकल रिलीफ पोस्ट बनाए गए हैं। डॉ. राजेश ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले में उनका तीन दिन का दौरा है। यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सड़क आदि का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। यात्रा मार्ग पर खाद्य पदार्थों की जांच के लिए विशेष तौर पर मोबाइल खाद्य विश्लेषणशाला भी तैनात की गई है।

# मध्यप्रदेश के तीर्थयात्री की हार्ट अटैक से मौत

चमोली। बदरीनाथ धाम में बीते दो दिनों में तीन तीर्थयात्रियों की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो चुकी है। सोमवार को बदरीनाथ जा रहे मध्यप्रदेश के एक तीर्थयात्री की यात्रा पड़ाव पर तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इससे पहले रविवार देर शाम दिल्ली और मध्यप्रदेश के दो तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी। जानकारी के मुताबिक, रविवार देर शाम बदरीनाथ धाम की यात्रा की पर आए दिल्ली निवासी अमित शर्मा (44) को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को ही धाम में पहुंचे मध्यप्रदेश निवासी रमेश राठौर (60) की भी दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई थी वहीं सोमवार दोपहर करीब दो बजे परिवार के साथ बदरीनाथ धाम जा रहीं मध्यप्रदेश के खरगोन निवासी कृष्णाबाई (63) की गौचर के पास वाहन में ही अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौचर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीएमओ डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि सभी तीर्थयात्रियों मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। सीएमओ ने बताया बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आ रहे सात तीर्थ यात्रियों की अब तक मौत हो चुकी है।

# सोनप्रयाग में अनियंत्रित हुआ हजारों यात्रियों का सैलाब,वीडियो वायरल



रूद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा के मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में कई दिनों से रोके गये यात्रियों की भीड़ सैलाब की तरह अनियंत्रित हो गई। गुप्तकाशी, फाटा से सोनप्रयाग पहुंचे यात्री, बैरिकेडिंग तोड़कर बाजार की तरफ बढ़ गए, जिन्हें नियंत्रित करने में प्रशासन और पुलिस के पसीने छूट गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। बता दें कि केदारनाथ यात्रा में पहले दिन से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कपाट खुलने के बाद 10 दिन में ही दर्शनार्थियों की संख्या 2 लाख 81 हजार के पार पहुंच गई है। रविवार को केदारनाथ यात्रा के लिए सोनप्रयाग पहुंचे यात्रियों के सब्र का बांध टूट गया। यात्री पार्किंग से पहले स्थापित बैरिकेडिंग तोड़कर बाजार की तरफ आगे निकल पड़े। इस दौरान यात्रियों के सैलाब को रोकने में पुलिस, प्रशासन के सभी प्रयास धरे के धरे रह गए। हजारों की संख्या में पहुंचे यात्रियों से पूरे सोनप्रयाग बाजार में मानव जाम की स्थिति पैदा हो गई। यह, स्थित सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में देखने को मिल रही है। इस दौरान वीडियो में एक व्यक्ति बता रहा है कि कैसे यात्री बैरीकेड तोड़कर आगे बढ़े और कैसे जाम जैसी स्थिति पैदा हुई। वीडियो में कहा जा रहा है कि पुलिस भी इस भीड़ को नियंत्रित करने में नाकामयाब रही। व्यक्ति का कहना है कि जिस तरह से यह भीड़ केदारनाथ की तरफ बढ़ रही है, उससे किसी भी खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता है। इधर, सोनप्रयाग में तैनात सेक्टर अधिकारी मनोज बिष्ट ने बताया कि सुबह के समय यात्रियों की भीड़ अनियंत्रित हुई थी, जिसे नियंत्रित करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी और दोपहर बाद एक बजे स्थिति नियंत्रित हो पाई। उन्होंने बताया कि कपाट खुलने के दिन से ही बाबा केदार के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने गुप्तकाशी से सोनप्रयाग तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर सुचारु यातायात व्यवस्था हेतु सम्बन्धित ऑफिशियल्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उनके द्वारा केदारनाथ धाम की यात्रा पूरी कर वापस आये श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनसे यात्रा तथा पुलिस व्यवस्था से सम्बन्धित उनके अनुभव भी जाने।

# श्रद्धालुओं की हेल्थ स्क्रीनिंग करने निर्देश

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में स्वास्थ्य एवं पर्यटन विभाग की बैठक की। इस दौरान ने उन्होंने अधिकारियों को चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी रजिस्ट्रेशन के दौरान देने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने जानकारी दी है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य विभाग, विश फाउण्डेशन तथा हंस फाउण्डेशन ने ई-स्वास्थ्य धाम एप की शुरूआत की है। ई-स्वास्थ्य धाम एप पर सभी श्रद्धालुओं को अपना स्वास्थ्य डाटा अपलोड करना है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह-जगह पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं की हेल्थ स्क्रीनिंग की जाएगी। इन स्क्रीनिग पॉइन्ट्स पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के साथ ही हंस एवं विश फाउण्डेशन के चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि यदि श्रद्धालुओं द्वारा अपनी बिल्कुल सही मेडिकल हिस्ट्री रजिस्ट्रेशन के दौरान उपलब्ध करवाई जाती है तो इससे प्रशासन को किसी भी आपातकाल के दौरान श्रद्धालुओं को चिकित्सा सहायता पहुंचाने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम चारधाम यात्रा करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में सचिव श्री सचिन कुर्वे, अपर सचिव डा.अमनदीप कौर सहित अन्य अधिकारी एवं वर्चुअल माध्यम से जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।


ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

CIN: L85110UR1995PLC008627

Regd. Office : Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, Sidcul, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand 263153

Corporate Office: Plot No 2, Block No 1, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015

Ph.: 05944-250270, 011-45642555, Fax: 05944-250269, E-mail: cs@archidply.com, Website: www.archidply.com

EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2024

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | PARTICULARS | STANDALONE | | | | CONSOLIDATED | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Year Ended | | Quarter Ended | | Year Ended | |
| | | 31-Mar-24 | 31-Mar-23 | 31-Mar-24 | 31-Mar-23 | 31-Mar-24 | 31-Mar-23 | 31-Mar-24 | 31-Mar-23 |
| 1 | Total income from operations | 12147.06 | 11291.27 | 43575.11 | 41450.18 | 12139.11 | 11409.39 | 43567.16 | 42174.92 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 340.36 | 418.29 | 1256.01 | 1651.15 | 316.08 | 410.92 | 1231.73 | 1654.69 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 340.36 | 418.29 | 1256.01 | 1651.15 | 316.08 | 410.92 | 1231.73 | 1654.69 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 63.09 | 261.42 | 729.53 | 1222.59 | 43.41 | 256.01 | 709.84 | 1225.13 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 125.78 | 181.32 | 791.40 | 1153.75 | 106.10 | 175.91 | 771.71 | 1156.29 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Re.1/- each) | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (Face value of Re.10/- each) - (for continuing and discontinued operations) (not annualised) (amount in Rs.) | | | | | | | | |
| | Basic : | 0.32 | 1.32 | 3.67 | 6.15 | 0.22 | 1.29 | 3.57 | 6.17 |
| | Diluted: | 0.32 | 1.32 | 3.67 | 6.15 | 0.22 | 1.29 | 3.57 | 6.17 |

Notes:

1 The above Standalone & Consolidated audited financial results of Archidply Industries Limited ("the Company") have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors of the Company at their meeting held on May 20, 2024. Audit Report of these results as required under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, has been completed by the statutory auditors of the Company. The Statutory Auditor has issued an unqualified report thereon.

2 The above audited financial results of the company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

3 Previous year/period figures has been regrouped/reclassified, wherever necessary to conform to those current year classification.

4 The full format of the results is available on the websites of the stock exchanges (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the company website (www.archidply.com).

For and on behalf of the Board of Directors

Sd/-

Rajiv Daga

Managing Director

DIN: 01412917

Place : New Delhi

Date : May 20, 2024




# गदरपुर के चार छात्रों ने ताइक्वांडो में लहराया परचम

गदरपुर(उद संवाददाता)। एस एस पब्लिक स्कूल ,गदरपुर के चार छात्रों ने काशीपुर स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताईक्वांडों चेम्पियनशिप में में उत्कृष्ट



प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करके विद्यालय माता पिता और अपने कोच हिमांशु जोशी का नाम रोशन किया है । मेडल प्राप्त करने वाले मोहम्मद अनस , रोहन कुमार, युवराज कार्की ,अनुज कुमार कंबोज को विद्यालय के चेयरमैन डी पी सिंह ने इस उपलब्धि पर ताईकवांडो के कोच हिमांशु जोशी को बधाई दी तथा सभी चारों खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया । विद्यालय के प्रधानाचार्य स. परविंदर सिंह ने चारों खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उच्चस्तरीय क्रीड़ाओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर विद्यालय परिवार के उपस्थित सभी टीचर्स स्टाफ ने सभी का अभिनंदन किया ।




# संपत्ति चाहने वाला व्यक्ति संत कदापि नहीं हो सकता : हरि चैतन्य

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संत, गुरू व परमात्मा का दर दाता का दर है ना कि भिखारी का। आज के तथाकथित संत, गुरू ब्राह्मण व शिक्षिकों ने अपने सम्मान व गरिमा को स्वयं खोया है। संत व गुरू हमारी संपत्ति नहीं अपितु संतति चाहते हैं। संपत्ति चाहने वाला लालची, लोभी व्यक्ति गुरू या संत कदापि नहीं हो सकता। सच्चा भाव ही सच्ची उपासना है। उन्होंने कहा कि सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धापूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य सुनते हैं चाहे व्यक्ति को वेद, शास्त्र, पुराणों का ज्ञान हो या न हो भाषा शैली भी विशेष हो या न हों चाहे हम शिक्षित हों या अशिक्षित हों, शुद्ध हार्दिक भावनाओं से किसी प्रकार भी प्रार्थना की जाए परमात्मा उसे नजर अंदाज नहीं कर सकते।उन्होंने कहा कि हम स्वंय इतनी चिंता नहीं कर सकते जितना कि प्रभु का चिंतन दृढ़ विश्वास पूर्वक करने पर स्वयं परमात्मा हमारी चिंता करेंगे। संसार में सभी लोग अधिकांशत: किसी न किसी स्वार्थवश ही संबंध रखते हैं। यदि उनके हित में बाधा पहुँचेगी व हमारे अंदर उन्हें



देने के लिए रूप, बल, वाणी, प्रतिष्ठा, धन इत्यादी के माध्यम से कुछ भी शेष ना रहेगा तो प्यार समाप्त हो जाएगा। बिना किसी स्वार्थ के संबंध बनाए रखने वाले अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग मिलेंगे।जीव मात्र से बिना किसी स्वार्थ के हित चाहने व प्रेम करने वाले तो एक मात्र संत, गुरु व परमात्मा ही हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारी, हमारे परिवार, देश, समाज की जो दुर्दशा हो रही है। विभिन्न प्रयास करने के बावजूद जिससे हम उबर नहीं पा रहे हैं। प्रयास करने के साथ साथ प्रभु से उनकी कृपा याचना से परिपूर्ण भाव सहित प्रार्थनाएँ अवश्य करनी चाहिए। परमात्मा हमारी वस्तुओं, पदार्थों, मान सम्मान इत्यादि का नहीं वह तो हमारी प्रेम व भावनाओं का भूखा है। हमें परमात्मा के प्रति विश्वास ही नहीं बल्कि दृढ़ विश्वास होना चाहिए ।ईश्वर के प्रति मन में यदि संशय आ जाता है,तो उसके प्रति होने वाली भक्ति स्वत: ही नष्ट हो जाती है तथा ईश्वर के प्रति प्रेम भी नष्ट हो जाता है ऐसा तब होता है जब निज हित में चिंतन किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिना विचारे कोई कर्ध्म न करें तथा न ही कुछ बोलें, ना किसी से संबंध बनाए व न ही किसी से कोई व्यवहार करें। विचारशील प्राणी कुछ भी बोलने से, व्यवहार करने, संबंध बनाने या कर्म करने से पहले विचार करता है। जिससे उसे गिलानी पश्चाताप व उपहास का सामना नहीं करना पड़ता।श्री महाराज जी ने श्री हरेश्वर महादेव का विश्व शांति एंव भारत की समृद्धि व खुशाहाली की कामना से महाभिषेक भी किया। इससे पूर्व श्री हरि कृपा आश्रम धाम आश्रम पहुँचने पर भक्तों ने श्री महाराज जी का फूल मालाएँ पहनाकर, आरती उतारकर पुष्प वृष्टि करते हुए "श्री गुरू महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या" की जय जयकार से भव्य स्वागत किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया पाण्डे का जन्म दिन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक अरविंद पांडे के आवास पर अरविंद पांडे का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। वर्तमान विधायक अरविंद पांडे के दिल्ली चुनाव में लगे होने के कारण अरविंद पांडे अपने आवास पर नहीं पहुंच पाए लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंच कर विधायक अरविंद पांडे का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया भाजपा



नेता अतुल पांडे ने भाजपा कार्यकर्ताओं सामाजिक राजनीतिक सभी संगठनों का आभार व्यक्त किया।वहींभाजपा नेता सतीश चुघ के आवास पर भी पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक अरविंद पांडे का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया और हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मनविंदर पांडे, भाजपा नेता अतुल पांडे, तिलक राज गंभीर, डॉ कुलदीप रघुवंशी, सतीश चुघ, भूपेंद्र आर्य, अमित कुमार गुप्ता, एनसी शर्मा, अजीत सरकार, संदीप रहलन, मनवीर सिंह, विजय शर्मा, जगदीश सिंह, मुकेश सिंह, स्वाति चुघ, दीपा चुफाल, पूनम आर्य, पूनम दुमका, उषा राजभर आदि उपस्थित थे।

# भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से चुराते थे बाईकें, तीन दबोचे

## पुलिस टीम को ढाई हजार का ईनाम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लम्बे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुके शातिर अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर रुद्रपुर, ट्रांजिट कैंम्प, पंतनगर, किच्छा, गदरपुर, बरेली, रामपुर आदि से चुराई गई 14 मोटर साईकिल बरामद की गयी। पकड़े गये आरोपी मोटर साईकिलों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर पुलिस को गुमराह कर रहे थे। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने खुलासा करते हुए बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आस-पास के कैमरे खंगाले तथा मुखबिरों को मामूर कियाा। जिसके बाद चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रीत विहार को जाने वाले रास्ते पर मोटरसाईकिल चोरी गैंग के तीन शातिर सदस्यों नदीम पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मौ० टांडा हूरमतनगर थाना विलासपुर जिला रामपुर ,अमन पुत्र राजू निवासी वार्ड नंबर 19 खेड़ा बाल्मीकि बस्ती तथा आकाश बाल्मीकि पुत्र राजपाल निवासी वार्ड नंबर 19 खेड़ा बाल्मिकी बस्ती को पुलिस ने दबोच लिया। इनके कब्जे से मौके पर चोरी की दो मोटरसाईकिल बरामद की गई तथा उनके द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे फर्जी नंबर प्लेट भी कब्जे में लिये गये। विस्तृत पूछताछ करने के बाद इनकी निशादेही पर करतार रोड से आगे उंची झाड़ियों में छिपाई हुई कुल 12 चोरी की मोटर साईकिलें भी बरामद हुई। वाहन चोरों ने पूछताछ में बताया कि वे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के रुद्रपुर, पंतनगर, किच्छा, गदरपुर तथा आस-पास के क्षेत्रों की साप्ताहिक बाजारोंतथा भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोटरसाईकिलें चुराते है वे लोग रैकी करने के बाद मोटरसा ईकिल चोरी कर लेते थे। उसकी पहचान छिपाने के लिये नंबर प्लेट हटाकर फर्जी नंबर प्लेट लगा देते थे गाड़ियां चोरी कर झाड़ियों में छिपा देते थे । माहौल शांत होने पर अपनी मजबूरी बताकर उन्हें जरुरतमंदो को औने पौने दामों में बेच देते थे। एसएसपी ने पुलिस टीम को ढाई हजार का ईनाम देने की घोषणा की है।



# एनयूजे के डीएल शर्मा जिलाध्यक्ष और सुरजीत महासचिव बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे उत्तराखण्ड) की आयोजित जिला स्तरीय बैठक में जिले की कार्यकारिणी का विधिवत पुनर्गठन किया गया। जिससे सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार डीएल शर्मा को जिलाध्यक्ष एवं सुरजीत सिंह बत्रा को महासचिव चुना गया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय बैठक में जिलाध्यक्ष डीएल शर्मा एवं महासचिव सुरजीत सिंह बत्रा के अलावा रामदुलाल चक्रवर्ती को उपाध्यक्ष नारायण सिंह रावत और जसपाल डोगरा सचिव, हरिओम एवं मो. यासीन संगठन मंत्री तथा बृजकिशोकर मंडल को प्रचार मंत्री चुना गया है। अन्य पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल कर जिला कार्यकारिणी के विस्तार का अधिकार नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव को दिया गया। जो आपसी सलाह से कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। इस मौके पर अनेक पत्रकारों ने संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की जिनमें विपिन चन्द्र बहुगुणा, दुलाल चक्रवर्ती, किच्छा से मो0 यासीन, सितारगंज से मो0 इमरान, गदरपुर से सुरजीत कुमार बत्रा, डीएल शर्मा, प्रमोद कुमार आदि ने पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। विभिन्न क्षेत्रों से आये पत्रकारों ने पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं के दृष्टिगत पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, स्व. रामप्रसाद बहुगुणा स्मृति पुरस्कार चयन समिति की अविलंब बैठक बुलाकर कर 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पात्र पत्रकारों को सम्मानित करने और वेब न्यूज पोर्टल के संपादकों को प्रेस मान्यता प्रदान करने सहित कई मुद्दों को रखा। पत्रकारों के हित में शासन स्तर पर लंबित समितियों का अविलंब गठन तथा तहसील स्तर पर पत्रकारों की मान्यता प्रदान करने की मांग भी की गयी। सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा विभिन्न समितियों में नामित किये जाने वाले उन पत्रकार संगठनों के पत्रकारों को प्राथमिकता देने की बात उठायी गयी जिनकी अच्छी छवि है और जो जमीनी स्तर पर अच्छा कार्य कर रहे हैं। कहा गया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में उन संगठनों के विस्तार और कार्यों की जिला सूचना अधिकारी से पुष्टि भी करवायी जानी चाहिए। वहीं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के 'प्रेस सेवा पोर्टल' और 'केन्द्रीय संचार ब्यूरो' के पोर्टल पर ऑल लाइन वार्षिक रिटर्न भरने के तौर-तरीके समझाये गये। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स द्वारा लघु, मध्यम और मझौले समाचार पत्र प्रकाशकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संगठन की हेल्प लाइन के बारें में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रेस सेवा पोर्टल में आईडी बनाने और एवं रिटर्न भरने में जिन प्रकाशकों को दिक्कतें हो रही हैं, यूनियन उनका मार्गदर्शन, सहायता और नि:शुल्क रिटर्न भरने में मदद कर रही है। बैठक में नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र भट्ट, कार्यकारिणी सदस्य स्वराज पाल सिंह, नैनीताल की जिलाध्यक्ष दया जोशी, हरिद्वार के निर्वतमान जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार पाल, भगवती प्रसाद गोयल, दिवेन्दु राय, दुलाल चक्रवर्ती, अमित सक्सेना, जितेन्द्र गुप्ता, शुभम गुप्ता, राहुल विश्वास, संजीव गायेन, बृजकिशोर मंडल, विपिन बहुगुणा, हरिओम सिंह, मोहम्मद यासीन, प्रकाश अधिकारी, मो0 इमरान, अनीस रजा, अतुल शर्मा, नारायण सिंह रावत, जसपाल डोगरा, सुरजीत कुमार बत्रा, वैभव बत्रा, सागर गाबा, गौरव बत्रा, राजीव कालरा, केशव कुमार पाइक, राहुल सक्सेना आदि प्रमुख पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन बृजकिशोर मंडल ने किया।



राहुल सक्सेना, जितेन्द्र गुप्ता तथा शुभम गुप्ता आदि प्रमुख रहे।संगठन की चुनाव कार्यवाही से पूर्व मीडिया संवाद के तहत एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। जिसमें दिनेशपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष

# भंजूराम अमर इंटर कालेज दे रहा बच्चों को बेहतर शिक्षा: शिव

## श्री भंजूराम अमर इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। ग्राम भूरारानी स्थित श्री भंजूराम अमर इंटर कालेज एवं अमर इंटरनेशनल स्कूल के 47 वें वार्षिकोत्सव समारोह के तहत दूसरे दिन प्रात: विद्यालय परिसर में हवन यज्ञ के पश्चात महामण्डलेश्वर परम श्रद्धेय श्री स्वामी धर्मदेव जी महाराज के पावन सानिध्य व आर्शीवाद से कार्यक्रम प्रारम्भ गीत के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सुप्रसिद्ध भजन गायक सजीव कपिल ने कई सुन्दर भजन उसुनाये। जिनमें जय जय श्यामा, जय जय श्याम, जय श्री वृन्दावन दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज के आशीर्वाद से भंजुराम अमर इंटर कॉलेज ने अपने 47 वर्ष पूर्ण कर लिए है और यह कॉलेज गरीब बच्चों को प्रेरणा मिलती है। श्रद्धेय स्वामी धर्मदेव जी महाराज जी के आर्शीवाद ने सभी को आर्शीवचन दिये। स्वामी धर्मदेव ने बड़ी संख्या मे आये अपने अनुयायी को प्रवचन दे कर बताया कि सनातन धर्म कि पताका राजपूत, रामलाल कटारिया, अभिषेक बांगा, गणपतराम गांधी, सुरेश गांधी, मोहन लाल खेड़ा, सिमरन कोहली, रजत कोहली, राम किशन खेड़ा, केसर दास खेड़ा, भारत भूषण चुघ, विजय अरोरा, सिमरन कोहली, बब्बल अरोरा, आशा अरोरा, ममता जड़वानी, आयुशी जड़वानी, सीमा गांधी, कौशल्या, नीतू कटारिया, रूचि छावड़ा, जुगनू धींगरा, सुमन अरोरा, पजा जुनेजा, मानसी अरोरा, कुसुम, पूजा अदलखा, दीपा अदलखा, ज्योति खत्री, मधु कटारिया, अनीता कक्कड़, कविता खेड़ा, सुनीता खेड़ा, राध





हुआ। जिसमें महामण्डलेश्वर परम श्रद्धेय श्री स्वामी धर्मदेव जी महाराज के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिव अरोरा ने दीप प्रज्जवलित किया। तदोपरांत विद्यालय के छात्र छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत धाम, मुझे दास बनाकर रख लेना, भगवान तूं अपने चरणों में आदि भजन शामिल थे। इस दौरान सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक शिव अरोरा ने अपने सम्बोधन में क्षेत्र वासियों को श्री भंजुराम अमर इंटर कॉलेज के 47 वे स्थापना अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उज्जवल भविष्य भी प्रदान करता है। वही स्वामी धर्मदेव जी सनातन संस्कृति के लिये सदैव जनजागरण हेतु लगातार देश मे प्रवास करते रहते हैं। इनकी कृपा से हमको समाज हित मे कार्य करने की पूरे विश्व मे लहरा रही है । अंत में श्री स्वामी अमरदेव आर्शीवाद हॉल में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी रामानन्द जी, वैभव ग्रोवर, कशिश खेड़ा, श्रीमती प्रवीण पोपली, यशपाल पोपली, दलेल सिंह चोटमुरादा, मदन मोहन भट्ट, सुनील जड़वानी, विजय शास्त्री, प्रधानाचार्य एनएल गंगवार, राजकुमार चौधरी, बलदेव राज छावड़ा, कमलेश खेड़ा, कौशल्या कटारिया, ऊषा गांधी, मीना गांध ी, नीलम कटारिया, अंजू कटारिया,श्वेता ा माटा सहित हजारों की संख्या में गणमान्य अतिथि विद्यालय स्टॉफ तथा छात्र छात्रायें उपस्थित रहे। इससे पूर्व विगत रात्रि सुप्रसिद्ध मधुर गायक श्री राम श्याम बंधु बरेली द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# आरएएन स्कूल में अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में आर.ए. एन. तीन शाखाओं के विद्यार्थियों के बीच अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित करके किया। तत्पश्चात सीनियर समन्वयक बीनू यादव के द्वारा उपस्थित निर्णायक मंडल का अभिवादन किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 8 के वाद विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल अयाना चौहान एवं अपर्णा भट्ट ने दोनों ही पक्षों के विचारों को ध्यान से सुना एवं अंत में अपना निर्णय दियाद्य उनके द्वारा दिया गया निर्णय हुए बिलासपुर शाखा की अंशिका अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर भूरारानी शाखा के निकुंज मेहंदीरत्ता रहे तथा तृतीय स्थान पर मन्नत सती रही। विजयी विद्यार्थियों




शुभारंभ व्यक्तित्व विकास विशेषज्ञ अयाना चौहान, पूर्व मीडिया कर्मी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की कवयित्री अपर्णा भट्ट , विद्यालय संचालिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने मां सरस्वती के समक्ष विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसका विषय था सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप। विषय के पक्ष एवं विपक्ष में विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किएद्य विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विचारों ने सबको मंत्र मुक्त कर दिया। सर्वमान्य रहा। विषय के पक्ष में भूरारानी शाखा की ध्वनि उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर बिलासपुर शाखा की सृष्टि अरोड़ा रही एवं तृतीय स्थान पर नामप्रीत सिंह रहे। विषय के विपक्ष में अपने तर्क देते को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयाद्य अंत में प्रशासिका निधि राय जी द्वारा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा वहां उपस्थित निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त किया गया।

# सुधा राणा का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के गणित विभाग की सुधा राणा का असिस्टेंट प्रोफेसर गणित में क्लास वन गैजेटेड ऑफिसर पद पर चयन हुआ है ।उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में सुधा का चयन हुआ है। सुधा ने पीएचडी डॉक्टर अनिता कुमारी गणित विभाग डीएसबी परिसर के निर्देशन में एनालिसिस में कर रही है ।बीएससी तथा एमएससी एचएनबी कॉलेज खटीमा से पास किया। खटीमा निवासी हरवंश राणा तथा माया देवी की पुत्री डॉक्टर सुधा ने 2020 में सीएसआईआर नेट की परीक्षा पास की। उनकी सफलता पर प्रो नीता बोरा शर्मा , डीएसडब्ल्यू प्रो संजय पंत ,निदेशक प्रो ललित तिवारी , प्रो हरीश बिष्ट ,कूटा सचिव डॉक्टर विजय कुमार ,प्रो नीलू लोधियाल , डॉक्टर दीपक कुमार ,डॉक्टर संतोष कुमार डॉक्टर दीपिका गोस्वामी ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी , प्रो अनिल बिष्ट डॉक्टर उमंग ,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर सीमा चौहान ,डॉक्टर दीपिका पंत ,डॉक्टर नागेंद्र धर्म ,डॉक्टर रितेश साह ,डॉक्टर युगल जोशी ने बधाई एवं मुबारकबाद दी है।



# सामाजिक संस्थाओं का गोशाला के प्रबंधन में अहम योगदान : रौतेला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सरकार द्वारा निराश्रित गौवंशो के लिए अस्थाई गोशाला का निर्माण शीशमहल और राजपुरा में किया गया है। यह एक सराहनीय कदम है जो गौ माता के प्रति समर्पित समाज के धार्मिक और सामाजिक मूल्यों का प्रतिबिम्ब करता है। निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रौतेला ने गौशाला का निरीक्षण करते हुए कहा कि इस गोशाला के परिचालन और रख-रखाव की जिम्मेदारी सामाजिक संस्थाओं को सौंपी गई है जो समाज के एकाधिक आवश्यक आर्थिक, सामाजिक, और धार्मिक कार्यों में लगी हुई हैं। इसके अलावा उन संस्थाओं को सहायता मिली है जो गोशाला के प्रबंधन में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं का गोशाला के प्रबंधन में योगदान एक महत्वपूर्ण कदम है। गोशाला का प्रबंधन सिर्फ गोवंश की देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें धार्मिक और सामाजिक कार्यों का भी समावेश है। सामाजिक संस्थाएं गोशाला के रख-रखाव, चिकित्सा सेवाएं, और गोसेवा के लिए आवश्यक संसाधनों का प्रबंधन करती हैं। इन संस्थाओं का सहयोग होने से गोशाला की संचालनिक क्षमता में सुधार होता है और इससे समाज को भी आवश्यक सेवाएं प्राप्त होती हैं। सनातन एड इंडिया और कर्मनिष्ठ सनातन के सदस्यों द्वारा गोशाला को सहायता प्रदान किया जाना एक प्रेरणास्पद उदाहरण है। उन्होंने गोशाला के प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें गोपूजन, गोआरती, और प्रशाद वितरण जैसे पारंपरिक धार्मिक कार्यों का समायोजन शामिल है। इसके अलावा, वे संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर गोशाला की संचालनिक क्षमता को मजबूत करने में भी सहायक हुए। उनका योगदान गोशाला के संचालन में सुधार लाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है और साथ ही सामाजिक सेवाओं को भी विस्तारित किया गया है। गोशाला के प्रबंध न में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग एक सफल योजना की कुंजी है। इसके माध्यम से, हम गौ माता के समर्पित समाज के मूल्यों को संरक्षित रखते हैं और समाज की सेवा में अपना योगदान देते हैं। इस प्रकार, हम सामाजिक समर्थन और गौ सेवा के माध्यम से समृद्धि और समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हैं।इस अवसर पर हरे कृष्णा गौशाला हल्दुचौड़ से गोपीनाथ दास जी अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर गौसंकीर्तन किया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट , स्वास्थ्य अधि



कारी डॉ मनोज काण्डपाल, सहायक अभियंता नवल नौटियाल, अध्यक्ष सनातन ऐड इंडिया डॉ भारत भूषण, आश्रय सेवा समिति अध्यक्ष निकिता सुयाल, संस्था के सम्मानित सदस्य एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।







हंस स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ।

# युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार:बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)।जिले में शराब की नई दुकाने खोले जाने के विरोध में प्रतापपुर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रेम आर्या के नेतृत्व में ग्राम वासियों ने विधायक बेहड़ से मुलाकात की और ग्राम नगला और कनकपुर में खोली गयी शराब की दुकानों से क्षेत्रवासियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान विधायक बेहड़ ने प्रदेश में शराब की नई दुकाने खोले जाने के उत्तराखण्ड सरकार के इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश को मयखाना बनाना बंद करे। राज्य सरकार गाँव,कालोनियों में नई–नई शराब की दुकाने खुलवा रही है। एक तो प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई पहले ही चरम पर है। ऊपर से सरकार प्रदेश में नई शराब की दुकानें खुलवाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में तुली है वे सरकार को आगाह करते है कि सरकार शीघ्र इन दुकानों को बंद करे वे युवाओं के भविष्य के साथ



खिलवाड़ नहीं होने देंगे । अगर सरकार ने शराबो की दुकानों को बंद करने का फैसला नहीं किया तो आने वालें समय में सरकार को प्रदेश में भारी विरोध झेलना पड़ सकता है। इससे पूर्व जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही की ।इस दौरान लोगों ने बेहड़ के समक्ष राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, पानी, स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी।वार्ड न०–15 रहीम कलौनी किच्छा के निवासियों ने कालोनी मे 70 मीटर सड़क का निर्माण हेतु आग्रह किया इस दौरान पूर्व सभासद मोहम्मद आरिफ, अबरार अली, दानिशमलिक, जलीस मालिक, अकरम, खातिब, इकरार, रहीस, आलम आदि शामिल थे। कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री गुलशन सिन्धी के नेतृत्व में शंकर फार्म बस्ती के निवासियों ने विधायक बेहड़ से भेंट की व ग्राम में शमशान घाट,जनमिलन केंद्र की समस्या,लाईट के पोल, राशन कार्ड व इंदिरा आवास की समस्याओं हेतु विधायक बेहड़ को अवगत कराया। उनके साथ्ज्ञ प्रदीप कश्यप, अरुण, सोनू, टीटू, सोनी आदि लोग उपस्थित रहे। महकनाज पुत्री आसिफ अली निवासी वार्ड–13 किच्छा ने दिवायंग पेंशन बनाये जाने ,नरेंद्र सिंह कृष्णा विहार किच्छा निवासी तथा जगनलाल बंडिया किच्छा निवासी ने वृधावस्था पेंशन ,माया वार्ड न०1 चुकटी देवरिया के लोगों ने विधवा पेंशन बनाये जाने का आग्रह किया ।विधायक बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकांश समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया।शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को भेजा जायेगा और हर हाल में निस्तारण कराया जायेगा।

# पुण्य तिथि पर राजीव गांधी को किया नमन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म के सुभाष चौक में निजी प्रतिष्ठान में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर सभा को सम्बोधित करते हुये ब्लॉक अध्यक्ष शक्तिफार्म उत्तम आचार्य ने कहा कि गांधी परिवार ने भारत देश को बहुत कुछ दिया,राजीव गांधी के बलिदान को भुलाया नही जा



सकता।आज हमे उनके बताये गये रास्ते व उनके आदर्शो पर चलकर देश के नाम को और उंचाई तक पहुंचाना है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सितारगंज हैप्पी सिंह नगर अध्यक्ष सितारगंज सरताज अहमद यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमिन्दर यादव, रामपाल साहनी, नारायण सरकार ,दीपक विश्वास,सूर्य प्रताप सिंह,भगवान पांडे,विजय सिंह ,दिपुल विश्वास, प्राण मंडल,विनय विश्वास,अमित सरकार, श्रीकांत, लक्ष्मी चौधरी, नैना ,गोपाल मंडल,शिव शंकर विश्वास आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लाखों की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। मल्लीताल एवं बनभूलपुरा थाना पुलिस ने दो नशा तस्करों को लाखों रुपए कीमत की स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक मल्लीताल हरपाल सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मंगोली भूपेंद्र मेहता के साथ पुलिस टीम द्वारा घटगड़ वन विभाग की चौकी के पास चेकिंग के दौरान बाईक सवार एक व्यक्ति जो पीछे बैठा था पुलिस को देखकर दूर ही उतरकर पैदल आने लगा। शक होने पर पुलिस द्वारा उसे रोक कर पूछताछ व चौक किया गया। उसने अपना नाम पता कुँवर ललित विजय सिंह उर्फ ललित पुत्र जादो राम निवासी वार्ड 61 कानून गोपान बरेली बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 31. 99 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस टीम में उनि भूपेंद्र मेहता चौकी प्रभारी मंगोली, हेका जगदीश शामिल थे। पूछताछ करने पर ललित ने बताया कि वह बरेली से स्मैक लाकर नैनीताल में युवाओं को बेचने जा रहा था। वह स्मैक सप्लायर का काम करता है। इसके अतिरिक्त थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक युवक को 7.58 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम पता ताहिर पुत्र बफाती निवासी वार्ड 22, किदवई नगर बनभूलपुरा बताया। टीम में बनभूलपुरा थाना अध्यक्ष नीरज भाकुनी, उनि शंकर नयाल,हेकानि हरिकृष्ण मिश्रा व का. सुनील कुमार शामिल थे।



# मार्ग निर्माण में बाधक बने मकानों पर चली जेसीबी

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । बरेली रोड पर गोरा पड़ाव में राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ी करण के कार्य में पिछले काफी समय से बाधक बन रहे मकानों को प्रशासन ने जे सी बी की मदद से ध्वस्त करवा दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के जद में आ रहे चार मकानों को जिला प्रशासन द्वारा ध्वस्तीकरण की कारवाई अमल में लायी गयी है।ज्ञात हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गोरापड़ाव में सड़क निर्माण के आड़े आ रहे इन मकानों को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। अतिक्रमण तोड़ने के दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया। लेकिन पुलिस प्रशासन और जिला शासन के आगे उनकी एक नहीं चली और अतिक्रमण को बलपूर्वक ध्वस्त किया गया। अतिक्रमण तोड़ने पहुंची जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग की टीम ने घरों में रह रहे लोगों को खाली कराया और घरों सामान बाहर निकालकर सड़क पर रख दिया। इसके बाद भवनों पर बुलडोजर चला दिया गया। बताया जा रहा है कि तोड़े गए भवन स्वामियों को राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने मुआवजा भी दे दिया था। लेकिन उनके द्वारा अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा था। इसके बाद नोटिस के कार्रवाई के बाद अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है। तहसीलदार हल्द्वानी सचिन कुमार ने बताया कि चार मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई है। आगे अतिक्रमण के जद के जो भी दुकान– मकान आएंगे उनको हटाने का काम किया जाएगा।






उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत

हेलिकाप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति सहित कई ताकतवर लोगों की जिस तरह मौत हो गई, उसमें ऐसी घटनाओं को हादसे के अलावा अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव के लिहाज से भी देखा जाने लगता है। गौरतलब है कि रविवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, वहां के विदेश मंत्री और कई अन्य अहम लोग एक हेलिकाप्टर पर सवार होकर तबरेज शहर की ओर जा रहे थे। इसी बीच मौसम खराब होने के कारण हेलिकाप्टर हादसे का शिकार हो गया, जिसमें राष्ट्रपति रईसी सहित वहां के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, चालक और सुरक्षा प्रमुख मारे गए। राष्ट्रपति रईसी रविवार को अजरबैजान में किज कलासी और खोदाफरिन बांध का उद्घाटन करने गए थे। जाहिर है, अपनी सीमा में ईरान के शीर्ष नेता और उनके सहयोगियों को इस बात की आशंका भी न रही होगी कि ऐसा कोई हादसा हो सकता है। भारत सहित कई देशों ने इस घटना पर शोक संवेदना जताई है। यह बेहद अफसोस जनक है कि पिछले कुछ वर्षों में ईरान की कुछ महत्त्वपूर्ण शख्सियतों की जान या तो हादसे में चली गई या फिर उनकी हत्या कर दी गई। मसलन ईरान में 2020 में एक नायक की तरह मशहूर कुर्द फोर्स के जनरल कासिम सुलेमानी की मौत में अमेरिकी ड्रोन से हमले के आरोप लगे। फिर उसी वर्ष ईरान के मुख्य परमाणु वैज्ञानिक मोहसिन फखरीजादेह की भी हत्या कर दी गई। वहां हुए कुछ अन्य आतंकवादी हमलों में अमेरिका या फिर इजराइल का हाथ होने की आशंका जताई गई। हाल में इजराइल और अमेरिका के प्रति ईरान के सख्त रुख के मद्देनजर ताजा हादसे को लेकर भी किसी साजिश की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अब तक सामने आए तथ्यों के मुताबिक बेहद खराब मौसम की वजह से हेलिकाप्टर हादसे का शिकार हो गया। मगर कुछ सवाल है कि अगर मौसम ही कारण था, तो उसी काफिले में शामिल अन्य दो हेलिकाप्टर सुरक्षित कैसे अपने गंतव्य तक पहुंच गए। इस हादसे की असली वजहें तो व्यापक जांच के बाद सामने आएंगी, लेकिन फिलहाल ईरान के सामने एक नाजुक स्थिति से निपटने की चुनौती है। भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को भी इस हादसे ने बड़ी क्षति पहुंचायी है।

# मतदान के पांच चरण पूर्ण

लोकसभा चुनाव के दौरान अब तक संपन्न हुए पांच चरणों के मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम ही रहा है। पांचवें चरण में भी मतदान का प्रतिशत 59.14 रहा। जबकि 2019 में यह प्रतिशत 62 रहा था। उत्तर प्रदेश जहां राम-मंदिर निर्माण के मुद्दे को लेकर भाजपा को उम्मीद थी कि यहां मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, लेकिन यहां कि 14 लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव में 57.79 प्रतिशत मतदान रहा। जबकि 2019 में यह प्रतिशत 58.53 था। लेकिन खुशी की बात है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदान का प्रतिशत उम्मीद से कहीं ज्यादा रहा है। जम्मू-कश्मीर में 59 तो लद्दाख में 67.15 प्रतिशत रहा। इससे पता चलता है कि तीन दशक तक आतंक और अलगाववाद की गिरफ्त में रही इस घाटी में जनता ने धारा-370 के खात्मे को स्वीकार कर लिया है। पश्चिम बंगाल में पांचवें चरण में सबसे ज्यादा 73.14 तो महाराष्ट्र में सबसे कम 53.67 प्रतिशत मतदान रहा। साफ है, राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग के संयुक्त प्रयासों के बावजूद मतदान का न बढ़ना लोकतंत्र के लिए चिंताजनक पहलू है। हालांकि अब तक हुए पांच चरणों में लगभग एक से दो प्रतिशत कम रहा मतदान कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं है। अतएव एकाएक यह नहीं कह सकते कि यह घटा हुआ मतदान राजग को सत्ता से बाहर कर देगा, बल्कि अभी तक जितना मतदान हुआ है, वह सत्तापक्ष का ही समर्थन करता दिख रहा है। खासतौर से पहले दो चरणों में कम मतदान का कारण मतदाता की मतदान से बेफ्रिक्री भी रही थी। दरअसल, भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों के समर्थक मतदाता और कार्यकर्ता इस सोच में हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार का फिर से सत्ता में आना तय है। दूसरी तरफ कांग्रेस और आइएनडीआइए गठबंधन का मतदाता इसलिए निराश है, क्योंकि वह जानता है कि इस गठबंधन के पास न तो कोई केंद्रीय नेतृत्व है, न ही राष्ट्रीय दृष्टिकोण और न ही प्रचार के संसाधन, इसलिए इंडी गठबंधन राजग से मुकाबले में बहुत पीछे है। यह सोचकर मतदाता मान बैठा है कि कांग्रेस या इंडी गठबंधन को वोट दे भी दिया जाए तो उससे इच्छित परिणाम निकलने वाला नहीं है। एक ओर कारण है, शुरुआती दो चरणों में हुए मतदान के दौरान बड़ी संख्या में विवाह हो रहे थे, इसलिए लोग बड़ी संख्या में अपने मतदान केंद्रों से दूर किसी शहर या गांव में थे, अतएव मतदान करने से वंचित रह गए। बावजूद इसके जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा हो जाना भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते अधिकांश सीटों पर इकतरफा मतदान का रुख देखने को मिल रहा है। यही रुख नरेन्द्र मोदी के संकल्प अर्थात 400 सीटें राजग की झोली में डालता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35-ए के खात्मे के साथ देश में तीन तलाक कानून खत्म करने जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। इसका परिणाम रहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान का प्रतिशत उछाल मार रहा है। 10 वर्ष पहले का कश्मीर देखते हुए यह एक चमत्कार ही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी नरेन्द्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में ही खुला और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक रीति से गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया। इसी के बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में और अधिक झुकी दिखाई दे रही है। नतीजतन, मतदाता इस भ्रम में उदासीन रहा कि भाजपा तो जीत ही जाएगी, अतएव मेरे एक वोट डालने से कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। इसी इकतरफा माहौल के चलते कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला।दो चरणों में मतदान कम रहने से मोदी समर्थक मतदाता सचेत हो गया। एक बड़े वर्ग को लगा कि यदि वह मतदान करने घर से नहीं निकला, तो कम प्रतिशत कहीं मोदी सरकार को सत्ता में लौटने में परेशानी न पैदा कर दे ? लोगों को वह कहानी भी याद आ गई होगी कि गांव का अकाल मिटाने के लिए जब ग्रामीणों को कहा गया कि सूखे तालाब में एक-एक लोटा दूध डालने से जब तालाब भर जाएगा, तो गांव का अकाल दूर हो जाएगा। किंतु यह सोचकर प्रत्येक ग्रामीण पानी का भरा लोटा डाल आया कि मेरे अलावा तो शेष मतदाता दूध का भरा लौटा डाल ही रहे हैं। अंततः नतीजा यह रहा कि तालाब दूध से नहीं भर सका और गांव का अकाल न मिट सका। शुरुआती दो चरणों के मतदान प्रतिशत के कम रहने पर तीसरे, चौथे और पांचों चरण के मतदाता ने यही सोचा कि यदि मैं अपना मत देने नहीं गया तो गांव के अकाल की तरह देश में स्पष्ट बहुमत वाली सत्ता का अकाल पड़ जाएगा। यह सोच भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने का एक कारण रहा। कुछ लोग यह सोचकर भी सिहर गए होंगे कि कहीं स्पष्ट बहुमत न मिलने पर खिचड़ी सरकार का दौर न लौट आए, जिसमें उलझकर भारत ने अपने महत्वपूर्ण दो-तीन दशक बर्बाद कर दिए। नतीजनतन, मतदाता घर से निकला और वोट प्रतिशत पहले दो चरणों की तुलना में बढ़ गया। सनद रहे कि यह बढ़त तब भी रही, जबकि मतदान वाले अधिकांश संसदीय क्षेत्रों में लोगों को चिलचिलाती धूप का सामना कराना पड़ रहा है। मतदान के शेष अगले चरणों में यदि मतदान 70 से 75 फीसदी से ऊपर पहुंचता है, तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी। यह वजह कालांतर में अल्पसंख्यक समुदायों व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से मुक्ति दिलाएगाी। दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से छुटकारा मिलेगा। बढ़ा हुआ मतदान उन सब मिथकों को तोड़ देता है, जो आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण के कारक बने रहे हैं। कश्मीर में इसी तुष्टिकरण का परिणाम अलगाववाद और आतंकवाद का जनक रहा है। किंतु अब वहां हालात तेजी से बदल रहे है और कथित भटके हुए लोग मुख्यधारा में षामिल होकर लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। जाहिर है, मतदाताओं को ध्रुवीकरण करने की राजनीति को पलीता लगने जा रहा है। नतीजतन संप्रदाय, वंशवाद और जाति विशेष की राजनीति करने वाले नेताओं को झटका लग रहा है। उनका वर्चस्व सिमटता दिखाई दे रहा है। कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के दल संकट में दिखाई दे रहे हैं। तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर खड़ा हुआ इंडी गठबंधन स्वयमेव आपस में लड़-झगड़कर खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है।इस तरह मतदान का घटा या बढ़ा हुआ प्रतिशत न तो नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रति एंटी इन्कमबेंसी का इशारा है और न ही कांग्रेस या इंडी गठबंधन के प्रति बढ़ती उम्मीद का कोई कारण है ? यह विशुद्ध रूप से मतदाता की मनःस्थिति से उपजा प्रतिशत है, जो हर चरण के साथ बदलता गया है। शुरुआत में मतदाता जब बेफिक्र रहा, तो मतदान प्रतिशत कम रहा, किंतु जब वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकल गया तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहूति देकर ही लौटा। भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है, कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेशक या परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के नतीजे शत-प्रतिशत खरे नहीं उतरते हैं।

**प्रमोद भार्गवः लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

## पहाड़ों में आंधी तूफान के साथ हुई बारिश

देहरादून। उत्तराखंड में भीषण गर्मी के बीच दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली। पहाड़ों की रानी मसूरी, यमुनोत्री धाम और टिहरी समेत ऊंचाई वाले इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हो गई। वहीं, निचले इलाकों में आंधी तूफान चला। उधर पहाड़ में बदले मौसम का असर मैदान में भी देखने को मिला। मैदानी इलाकों में चली ठंडी हवाओं ने गर्मी से कुछ राहत दी। प्रदेश के मैदानी इलाकों में बीते कुछ दिनों से हो रही प्रचंड गर्मी ने लोगों को खूब परेशान कर रखा है। गर्म हवाएं झुलसाने लगी हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से प्रदेश के पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के साथ मैदानी इलाकों में गर्म हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं चलने के आसार हैं, जबकि देहरादून समेत टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में गर्म हवाएं चलेंगी।

## निरीक्षण के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मिली कई खामियां

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रचंड गर्मी के मौसम में बढ़े हुए तापमान में एक सरकारी स्कूल की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में नीम के पेड़ के नीचे बैठ कर पढ़ाई कर रही बालिकाओं को देख निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत जमकर बरसे ।शिक्षाधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सहित 12 अध्यापकों सहित अन्य के वेतन पर रोकने की कारवाई की है। राबाइंका गदरपुर में मुख्य शिक्षाधिकारी अचानक निरीक्षण के लिए पहुंचे।इस दौरान शिक्षाधिकारी को कॉलेज परिसर में पेड़ के नीचे पढ़ाई करती हुई लगभग ढाई सौ बालिकाएं नजर आई। शिक्षाधिकारी द्वारा बालिकाओं को अवकाश के दिनों में दिए जाने वाले होमवर्क की जानकारी भी मांगी । कॉलेज की तरफ से पाठ्य पुस्तकों के वितरण की जानकारी मांगने पर कॉलेज में कोई रिकार्ड नहीं मिला । उन्होंने कहा कि ऐसे लापरवाही के चलते परीक्षा फल भी ठीक नहीं रहता, उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी लापरवाही होने पर बड़ी कार्रवाई से भी संकोच नहीं किया जाएगा ।निरीक्षण के दौरान छात्राओं का कहना था कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में लगभग 1200 छात्राएं कक्षा 6 से 12 तक शिक्षण के लिए आती हैं जिन के लिए पर्याप्त कक्ष बैठने तक के लिए नहीं हैं। छात्राओं का कहना था कि कक्षा में घुसकर बंदर तक उन्हें कई बार परेशान करते हैं। परिसर में भी अक्सर बंदरों के हुड़दंग मचाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक अभिभावक का कहना था कि प्रशासन द्वारा की जा रही लापरवाही के चलते समाजसेवियों द्वारा छात्राओं के लिए गर्मी के मौसम में एक दर्जन पंखों की व्यवस्था अब तक की जा चुकी है। जिनमें श्री दुर्गा जागरण मंडल एवं पंजाबी सभा के रमेश ग्रोवर, मुक्तिधाम समिति के विजय सुखीजा, रेड रोज पब्लिक स्कूल के अजैब सिंह धालीवाल और पत्रकार देवेंद्र सिंह द्वारा सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। लगभग 8 कक्ष जो कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में पहुंच चुके हैं जिनके गिरने का खतरा बना हुआ है जिस पर सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाचार्य एवं अन्य समाजसेवियों द्वारा संज्ञान में लाए जाने पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## भवन स्वामी पर विद्युत चोरी का केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग उप खण्ड अधिकारी ने एक भवन स्वामी के विरूद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया है। जिसमें अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड ने कहा है कि वह पारुल कुमार अवर अभियन्ता, रुप बसन्त लाईनकमीं, अमित चन्द्र आर्या सहायक अभियन्ता व शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सतर्कता ईकाई कुमाँउ क्षेत्र के साथ चैकिंग करते सचिन छाबड़ा पुत्र अज्ञात के गंगापुर रोड पंचवटी इस्टेट के सामने आवास पर पहुंचे। जहां विद्युत चोरी का मामला सामने आया। मौके पर केबल कब्जे में लेकर सील की गई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नशे में चूर होकर पड़ोसी के घर किया हमला

जसपुर(उद संवाददाता)। नशे में चूर एक दबंग ने परिजनों के साथ पड़ोसी के घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट करते जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला पट्टी चौहान जसपुर निवासी राहुल चौहान पुत्र पदम सिंह ने बताया कि बीते 24 अप्रैल की रात्रि लगभग 10:30 बजे जब वह परिवार के साथ घर में सो रहा था इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रियांशु चौहान पुत्र नरेश चौहान ने नशे की हालत में उसके घर के बाहर खड़े होकर गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता ने जब इसका विरोध किया तो आरोप है कि प्रियांशु चौहान अपनी माता पुष्पा देवी एवं पड़ोस में ही रहने वाले मोहित दत्त जोशी उर्फ लक्की पुत्र विजय जोशी, तुषार शर्मा पुत्र सर्वेश कुमार आदि के साथ हमसाज होकर षड्यंत्र के तहत् एकराय होकर लाठी-डंडो एवं घातक हथियारों से लैस होकर दरवाजा तोड़ना शुरू कर दिया। स्थिति गंभीर होने पर किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस में मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को किसी तरह शांत कराया। पुलिस में पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर हिमांशु चौहान पुष्पा देवी मोहित दत्त व तुषार शर्मा के खिलाफ धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## फोन तोड़ युवती को धमकाया

रूद्रपुर । काशीपुर मार्ग पर युवक द्वारा युवती से मारपीट कर उसका फोन तोड़ दिया गया और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पूजा पुत्री गिरीश चन्द आर्य निवासी ट्राजिट कैम्प ने कहा है कि 8 मई को शाम 6 बजे काशीपुर रोड फ्लाई ओवर के ऊपर बीच रोड पर गुरजीत सिंह निवासी सिविल लाईन रूद्रपुर ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की और उसका स्मार्ट टच फोन रोड पर मारकर तोड़ दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर दोबारा रूद्रपुर दिखाई दी तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल वैन में लगी आग, बच्चों को बचाया

पुरोला। उत्तरकाशी में मोरी के नैटवाड़ में एक स्कूल वैन में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि स्कूल वैन चालक की सूझबूझ से 18 बच्चों की जान बच गई। हादसा उस समय हुआ जब स्कूल की छुट्टी के बाद वैन बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार को मोरी प्रखंड के गैचवांण स्थित यूनिक एकेडमी की छुट्टी के बाद स्कूल वैन बच्चों को नैटवाड़ छोड़ने जा रही थी। स्कूल से कुछ दूर जाने के बाद ही स्कूल वैन के इंजन से धुआं उठने लगा। जिस पर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित नीचे उतार दिया और खुद भी नीचे उतर गया। बच्चों के नीचे उतरते ही वैन में तेजी से आग भड़क उठी और देखते ही देखते चंद मिनटों में ही पूरी वैन जल गई। मोरी थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि स्कूल वैन में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई थी।




### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम राजपाल सिंह से बदलकर राजपाल सिंह रावत रख लिया है। भविष्य में मुझे राजपाल सिंह रावत के नाम से जाना व पहचाना जाए।

राजपाल सिंह रावत पुत्र श्री निहाल सिंह रावत, निवासी- 206, गंगेस-सी, ओमक्स सिटी, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपने पुत्र का नाम मुदित से बदलकर मुदित अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को मुदित अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

मुदित अग्रवाल पुत्र श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता, निवासी- ए-4, एलायंस किंग्सटन एस्टेट, काशीपुर रोड़, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ईशिका से बदलकर ईशिका अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे ईशिका अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जाए ।

इशिका अग्रवाल पुत्री श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता, निवासी- ए-4, एलायंस किंग्सटन एस्टेट, काशीपुर रोड़, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपनी पुत्री का नाम आयुषी से बदलकर आयुषी अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को आयुषी अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

आयुषी अग्रवाल पुत्री श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता, निवासी- ए-4, एलायंस किंग्सटन एस्टेट, काशीपुर रोड़, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# प्रदेश में जनहित के लिए किया जायेगा संघर्ष: बॉबी पंवार

## जन संवाद में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा



लालकुआं(उद संवाददाता)। टिहरी लोकसभा से प्रत्याशी व बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार जन मिलन कार्यक्रम के तहत लालकुआं पहुंचे जहां विभिन्न सामाजिक ,राजनीतिक संगठनों, गोला खनन व्यवसायियों, छात्रसंघ के पदाधिकारी सहित तमाम लोगों से बॉबी पवार ने संवाद किया। संवाद में खास बात यह थी कि जहां एक ओर मंच पर निर्दलीय चुनाव लड़ चुकी पूर्व ब्लाक प्रमुख संध्या डालाकोटी नजर आई तो वहीं भाजपा के प्रदेश दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रभारी भवन गुणवंत भी नजर आए। दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता,पूर्व में कांग्रेस के पदाधिकारी रह चुके लोग भी बॉबी पवार को सुनने हल्दुचौड रंगोली बैंकट हॉल पहुंचे। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार ने अपने संबोधन ने यह स्पष्ट किया कि अब प्रदेश की लड़ाई केवल टिहरी तक सीमित न रहकर पूरे प्रदेश में लड़ी जाएगी और 2027 में एक बॉबी पवार नहीं पूरी 70 विधानसभाओं से 70 बॉबी पवार प्रदेश की राजनीति की दिशा दशा बदलने का कार्य करेंगे,उन्होंने राजनीति में इच्छा रखने वाले योग्य युवाओं से आगे बढ़कर बढ़ चढ़कर बेरोजगार संगठन व उनकी टीम में जुड़ने की अपील की साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में योग्य युवाओं की राजनीति में आवश्यकता है क्योंकि योग्य युवा राजनीति में नहीं आ रहे इसीलिए अयोग्य इस पर कब्जा बैठा कर बैठे हुए हैं। साथ ही उन्होंने जनता को यह भी आश्वस्त किया कि वह न अभी न ही भविष्य में किसी भी राजनीतिक दल में जाएंगे बल्कि उन्होंने स्पष्ट किया कि अब हर क्षेत्र के युवाओं को साथ जोड़कर ग्राम पंचायत,क्षेत्र पंचायत ,जिला पंचायत सहित तमाम आगामी चुनाव में युवा संघर्षशील प्रत्याशियों को उतारा जाएगा व इसमें पूरी टीम का जो सहयोग होगा वह किया जाएगा। लालकुआं की क्षेत्रीय समस्याओं पर बॉबी पवार ने कहा कि केवल बिन्दुखत्ता राजस्व गांव ही नहीं प्रदेश के लगभग पांच हजार वन भूमि पर बसे गांव की लड़ाई प्रादेशिक स्तर पर लड़ी जाएगी। सेंचुरी में फैल रहे प्रदूषण व स्थानीय युवाओं को 70% रोजगार देने की मांग पर उन्होंने कहा कि इस पर संसद में लड़ाई लड़ी जाएगी। मूल निवास भू कानून पर बॉबी पवार ने मुखर होकर बोला कि मूल निवास की लड़ाई केवल मूल निवास,भू कानून तक ही नहीं पूरे प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों को पांचवी अनुसूची में लाने तक लद्दाख में सोनम वांगचुक की तर्ज पर लड़ी जाएगी। संवाद बैठक में समस्याओं पर चर्चा करते हुए गौला संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमेश जोशी ने गौला के निजीकरण का कड़ा विरोध जताया,साथ ही गोला की लड़ाई लड़ने के लिए प्रादेशिक आंदोलन लड़ने की अपील की, वहीं छात्र संघ की समस्याओं को पर प्रकाश डालते हुए लाल बहादुर शास्त्री छात्रसंघ अध्यक्ष कार्तिक रजवार ने कहा कि इस कॉलेज में अयोग्य प्रवक्ताओं के होने के कारण ना तो छात्रों का सिलेबस पूरा हो पता है वही परीक्षाएं करते समय न छात्रों का भविष्य देखा जाता है ना ही यह देखा जाता है कि सिलेबस पूरा हुआ कि नहीं। महिला स्वयं सहायता समूह की समस्या रखते हुए उन्नति स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पुष्पा जोशी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार सृजन इकाई गठित करने की आवश्यकता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट ने कहा कि समाज में तमाम वर्गों के तरह व्यापारियों की समस्याओं के लिए भी लंबी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। इस दौरान समाजसेवी मनीष तिवारी ,व्यापार मंडल अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट,मीडिया प्रभारी संतोष भट्ट,उपाध्यक्ष रोहित जोशी,पूर्व ग्राम प्रधान शंकर जोशी,क्षेत्र पंचायत सदस्य त्रिलोचन पाठक,मनीष तिवाड़ी,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रिंपी बिष्ट, पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष मुकेश जोशी,पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष कृष्णा भट्ट ,छात्रसंघ अध्यक्ष कार्तिक रजवार,छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा, कार्तिक उपाध्याय, प्राउड पहाड़ी समिति के अध्यक्ष गणेश धामी,छात्र नेता प्रतिक जोशी, आनंद सिंह ,गिरीश जोशी,सुरेश चंद्र गोस्वामी, हरीश कांडपाल,रमेश कांडपाल , सुनील मेहता, हन्सादत्त फुलारा,विकास सक्सेना ,रजत आर्य,मुकुल जोशी नंदन कोरंगा,दीवान सिंह,मयंक जोशी, मिकी पांडे,मुकेश पांडे, सागर ,खजान चंद्र आर्य, सागर चौहान ,उमेश लोहनी, नवीन जोशी,अर्जुन नाथ,भुवनेश कुमार, हंसी दानू,मनीषा, आरती, नेहा स्वरागी, अनु लोहिया,कमला मनीष गोस्वामी सहित दर्जनों की संख्या में युवा मौजूद रहे।

# हार के डर से निकाय चुनाव टाल रही है भाजपा सरकार: पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)।अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने कहा लोक सभा चुनाव में घटते जनाधार को देखकर भाजपा घबरा गई है और उत्तराखंड में स्थानीय निकाय चुनाव टालना चाहती है। उत्तराखंड की भाजपा सरकार को अपनी हार का आभास हो गया है और वह निकाय चुनाव को संपन्न कराने से कतरा रही है। उन्होंने कहा है कि उत्तराखंड



सरकार द्वारा पिछले 6 माह में आरक्षण जैसे मुद्दों पर चर्चा ना करके आम जनता के साथ धोखा किया है। जनगणना के आधार पर परिसीमन करते हुए सीटों का आरक्षण न कर पाना उत्तराखंड सरकार के पूर्ण रूप से असफल होने का सबूत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार को लगता है कि वह स्थानीय निकाय चुनाव में अपना परचम लहरा रहे हैं तो रातों रात चुनावी आचार संहिता लगा कर स्थानीय निकाय के चुनाव की घोषणा करते हुए संपूर्ण आरक्षण प्रणाली को अपना कर अब तक मैदान में पहुंच गए होते किंतु उत्तराखंड की भाजपा सरकार को महसूस हो रहा है कि स्थानीय निकाय में भाजपा का परचम अब लहराने वाला नहीं है।पपनेजा ने कहा कि हाई कोर्ट ने प्रशासको का कार्यकाल खत्म होने से पहले निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था जिस पर सरकार ने कोर्ट में दिए हलफनामे में 2 जून से पहले चुनाव कराने को कहा था लेकिन 2 जून को 15 दिन से भी कम समय बचा है जिसमें चुनाव हो पाना संभव नहीं है।पपनेजा ने कहा कि भाजपा की कथनीऔर करनी का अंतर जनता के सामने आ चुका है। निकाय चुनाव में जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

# एड-ऑन कोर्स से कार्यकुशलता में होती है बढ़ोत्तरी: डॉ. खेमकरण

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में हिंदी विभाग द्वारा तीस दिवसीय एड-ऑन कोर्स के अंतर्गत हिंदी की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डाला गया। एड-ऑन कोर्स के संयोजक डॉ. खेमकरण सोमन ने बताया कि छात्र-छात्राओं में कार्यालयी हिंदी की समझ और पत्राचार की कार्यकुशलता व कला विकसित करने की दृष्टि से महाविद्यालय स्तर दिनांक 01 मई से 30 मई 2024 तक तीस दिवसीय एड-ऑन कोर्स का शुभारंभ किया गया है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत हिंदी, हिंदी का स्वरूप, महत्व, क्षेत्र, कार्यालयी हिंदी, पत्राचार,कंप्यूटर टंकण, इंटरनेट और हिंदी, हिंदी का भविष्य, सोशल मीडिया और अनुवाद जैसे विषय पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें अभी तक कला, वाणिज्य और विज्ञान वर्ग के डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया गया है।



कोर्स के उपरांत सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। कोर्स के बीसवें दिन हिंदी विभाग की डॉ. संगीता ने हिंदी की संवैधानिक स्थिति के विषय में बहुत विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिंदी रोजगार की भाषा बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. मेहराज बानो, दिव्या, प्रभजीत कौर, छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार, आदित्य पांडे, उजमा खान, पूजा जोशी, नेहा, रितिका और दीपक आदि उपस्थित रहे।

# गंगोत्री और यमुनोत्री में रात्रि प्रवेश पर रोक

## डीएम ने यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, पड़ावों पर यात्री वाहनों को नहीं रोका जायेगा

उत्तरकाशी। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में सोमवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ और यात्रा सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। आज सायं 7 बजे तक यमुनोत्री धाम में 12,929 तथा गंगोत्री धाम में 13,269 श्रद्धालु पहुँच चुके थे। तीर्थयात्रियों की आवाजाही का क्रम अभी भी जारी है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने सायं उत्तरकाशी जिले के प्रवेश द्वार नगुण बैरियर तथा ब्रह्मखाल व शिवगुफा क्षेत्र में जाकर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही तीर्थयात्रियों से भेंट की। जिलाधिकारी ने यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि शासन प्रशासन चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सहायता के लिए निरंतर तत्परता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा के आरंभ काल में ही अत्यधिक भीड़ आ जाने के कारण कम चौड़ाई वाली पहाड़ी सड़कों पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना जरूरी हो गया था और बिना पंजीकरण के यात्रा पर रोक लगाई गई है। इस दौरान जिलाधिकारी ने गंगोत्री व यमुनोत्री मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर यात्रा सुविधाओं व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने पड़ावों और होल्डिंग पॉइंट्स पर पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही टॉयलेट्स को साफ सुथरा रखने के निर्देश



दिए। उत्तरकाशी पुलिस ने यात्रा को लेकर एसओपी (विशेष कार्य योजना) जारी की है। जिसके तहत अब रात आठ बजे के बाद किसी भी वाहन को गंगोत्री व यमुनोत्री धाम नहीं जाने दिया जाएगा। रात 11 बजे के बाद यात्रा प्रतिबंधित रहेगी। वहीं, शाम पांच बजे बाद कोई भी यात्री जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम दर्शन के लिए नहीं जा पाएगा।एसपी अर्पण यदुवंशी की ओर से जारी एसओपी के अनुसार, यमुनोत्री धाम जाने वाले वाहनों को रात आठ बजे के बाद डामटा, नौगांव, बड़कोट, दोबाटा, खरादी, पालीगाड से आगे जाने नहीं दिया जाएगा। इसी तरह गंगोत्री धाम जाने वाले वाहनों को रात आठ बजे बाद नगुण, उत्तरकाशी शहर, हीना, भटवाड़ी व गंगनानी से आगे नहीं भेजा जाएगा। वहीं यमुनोत्री पैदल मार्ग पर सुबह चार बजे से ही आवागमन शुरू होगा। शाम पांच बजे के बाद किसी को भी पैदल मार्ग पर नहीं भेजा जाएगा। इस दौरान डंडी-कंडी व घोड़ा-खच्चर भी प्रतिबंधित रहेंगे। वहीं डंडी-कंडी व घोड़ा खच्चर के लिए रोटेशन की व्यवस्था लागू रहेगी। भीड़ बढ़ने पर घोड़ा-खच्चरों को वैकल्पिक मार्ग से भेजा जाएगा। दोनों ही धामों में रात साढ़े आठ बजे के बाद गंगा व यमुना आरती के उपरांत कोई भी अनावश्यक रूप से मंदिर परिसर में नहीं रह सकेगा। किसी भी पड़ाव पर यात्री वाहनों को दो घंटे से ज्यादा नहीं रोका जाएगा।प्रत्येक दिन सुबह पांच बजे से यातायात व्यवस्था का आवागमन सुचारू रूप से होगा। यमुनोत्री हाईवे पर पालीगाड़ से जानकीचट्टी के बीच 25 किमी संकरे हिस्से में जाम से निपटने के लिए बड़े वाहनों को लिए गेट सिस्टम लागू रहेगा। बड़े वाहनों को रोककर एक निश्चित समय बाद छोड़ा जाएगा। जबकि छोटे वाहन चलते रहेंगे। इधर गंगोत्री हाईवे पर गंगनानी से डबरानी पांच किमी, सुक्की से झाला सात किमी तथा हर्षिल से झाला 14 किमी तक वन-वे प्रभावी रहेगा।

# शिविर में दिया स्काय मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्काय एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन श्री गुरु नानक अकैडमी नानकमत्ता साहिब में किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन स्कूल की एचडी मिस विआला रैना द्वारा किया गया। स्काय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव मोहम्मद हसन खान ने बताया कि शिविर में विभिन्न शहरों के विद्यालयों के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रुद्रपुर, काशीपुर खटीमा बाजपुर जसपुर आदि स्थानों के बच्चों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया । प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को स्काय



मार्शल आर्ट की तकनीकों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।आगामी राज्य स्तरीय स्काय मार्शल आर्ट की प्रतियोगिता हेतु बैठक का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर सुदीश राय, नवदीप सिंह,अकादमी के व्यायाम प्रशिक्षक शिवचरण सिंह ,मनीत कुमार, राजवीर सिंह, मोना कश्यप, आरती पुजारी, विशाल शर्मा, प्रदीप राय, जितेंद्र कुमार मौर्य, शानू कश्यप, प्रसून वर्मा, आरुषि कुशवाहा, गरिमा कुंवर, ज्योति, स्नेहा, साक्षी राणा,अनुरीत कौर, पुरषोत्तम वर्मा, दीक्षा बघेल, अभियुदित पंवार, देवेंद्र कुमार आदि प्रशिक्षक वह खिलाड़ी गण मौजूद थे।

# न्यू लाइट स्कूल के पांच बच्चों ने जीते पदक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। न्यू लाइट स्कूल नानकमत्ता साहिब के 5 खिलाड़ियों ने ऋषिकेश में द्वितीय नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2024 में 2 रजत पदक व 3 कांस्य पदक, कुल 5 पदक अर्जित किए। विक्रम नेगी ने 13 आयु वर्ग 45 किलो भार में रजत , गुरप्रीत कौर ने 11 आयु वर्ग 50 किलो भार में रजत , हरमनदीप कौर ने 13 वर्ष आयु वर्ग 47 किलो भार में कांस्य,अनुष्का राणा ने 12



आयु वर्ग 40 किलो भार में रजत, गुरबख्श सिंह ने 09 आयु वर्ग 35 किलो भार मे कांस्य रजत पदक प्राप्त किया। पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल कैबिनेट मंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संयोजक लक्ष्मी नारायण जोशी ,संयोजक शिहान राजेंद्र गुप्ता,महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा प्रबंधक मलूक सिंह खिंडा,प्रधानाचार्यो डॉ बलजीत कौर प्रशिक्षक किशन सिंह चौहान स ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# अधिवक्ता महेन्द्र प्रताप को मातृ शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उधमसिंहनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह चौहान की माता जी श्रीमती कैलादेवी का मंगलवार सुबह आकस्मिक निधन ही गया। उनके निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ओर उनके सम्मान में न्यायिक कार्यों से विरत रहे। जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष लोकतन्त्र सेनानी सुभाषचन्द्र छाबड़ा ने कहा कि माता जी एक अत्यंत ही धर्मपरायण शख्सियत की मालिक थी और भारतीय संस्कारों से जुड़ी हुई थी और वे हमेशा आज की पीढ़ी के बच्चों को संस्कारित करने के कार्य में जुड़ी हुई थी। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि माताजी का जाना समाज की बहुत बड़ी क्षति है जिसकी पूर्ति सम्भव नहीं है । उनके निधन पर पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी, पूर्व सचिव सुशीला मेहता,संनातन धर्म सभा रूद्रपुर के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर, समाजसेविका श्रीमती जसविंद्र कौर छाबड़ा ,एडवोकेट मीराचौहान, सुरभि आहूजा , होमी कुरैशी,सुगम गगनेजा, सोमिल घीक,मनोज ग्रोवर एडवोकेट,गौरव मिड्ढा, रवि अरोड़ा, गौरव बिष्ट पूर्व उपाध्यक्ष मदनलाल अरोड़ा ,एच. एस. कलसी ,पूर्व अध्यक्ष आर. पी. सिंह, के डी मिश्र, राधेश्याम शुक्ला,जसवंत सिंह,जुगल गोस्वामी, सिद्धार्थ श्रीवास्तव,अखलाक मलिक,प्रकाश चंद्र पाठक,पूर्व सचिव नरेश कुमार छाबड़ा, राजीव ग्रोवर तथा वरिष्ठ अधिवक्ता दयानन्द जायसवाल ने श्रद्ध सुमन अर्पित किए।

# विजडम स्कूल में मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गंगापुर रोड स्थित विजडम पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 10 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य, व उप- प्रधानाचार्या ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ट्राफी एवं मेडल से सम्मानित किया। बता दें कक्षा-10 में 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ ध्रुव कुमार ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ अर्पिता ने द्वितीय स्थान तथा 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ अदिति साह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रवन्धक ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य भी कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल, प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह रौतेला, श्रीमती साक्षी मिश्रा, श्रीमती ऊषा मिश्रा,देव मण्डल, आयुष दत्त,अजय मिश्रा, ममता, प्रियंका सहित शिक्षक गण उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मंगलपड़ाव में अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आम जनता के लिए आवागमन को परेशानी का सबब बन चुके मंगल पड़ाव में होली चौक के आस पास खड़े होने वाले फल के ठेलों को आज प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर निगम की टीम ने न सिर्फ खदेड़ दिया वरन कई ठेली स्वामियों का चालान कर मौके से एक कुंतल से भी ज्यादा फल व कई क्रेट कब्जे में ले लिए। अचानक चले इस अभियान से फल विक्रेताओं में हड़कम्प मच गया। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा तथा सीओ नितिन लोहनी के अगुवाई में आज नगर निगम की टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मंगल पड़ाव होली चौक पर पहुंचा। टीम ने होली चौक से लाईन नम्बर एक व पोस्ट आफिस जाने वाले मार्ग पर रोड़ के दोनों ओर खड़े दर्जनों की संख्या में फल के ठेलों को खदेड़ना शुरू कर दिया। अचानक शुरू हुए इस अभियान से ठेली स्वामियों में हड़कम्प मच गया और वह सड़क पर फैलाई गई फल की पेटियों को समेटने लगे। टीम ने अभियान के दौरान कई ठेली स्वामियों का चालान कर उन्हें भविष्य में मार्ग पर ठेली न लगाने की सख्त हिदायत दी। साथ ही एक कुंतल से भी ज्यादा फल तथा खाली तमाम क्रेट भी कब्जे में ले लिए। आम लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा मार्ग से अतिक्रमण तो हटा दिया जाता है परंतु टीम के जाने के कुछ देर बाद ही ठेली वाले पुनः अपने स्थान पर खड़े हो जाते हैं। इसका स्थाई समाधान किया जाना चाहिए। ताकि लोगों को यहां आने जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।



# लाखों की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। रम्पुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को 40.60 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोडके ने खुलासा करते हुए बताया कि नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, अपर उपनिरीक्षक नवीन जोशी, कांस्टेबल अमित जोशी व महेन्द्र कुमार क्षेत्र में गश्त करते शिव मंदिर चौरासी घंटा मंदिर के पास पहुंचे। एक व्यक्ति पुलिस को देखकर तेज कदमों से वापस जाने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मनोज उर्फ टाकुली पुत्र कालीचरण निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 40.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। उसका कहना था कि यह स्मैक वह रम्पुरा निवासी एक व्यक्ति से खरीदकर लाया है। मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को देने के बाद पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर मनोज को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। बरामद स्मैक की कीमत लाखों में आंकी गयी है।



# गुरुद्वारा कमेटी में कार्यरत कर्मचारियों की सैलरी बढ़ेगी

## नये अध्यक्ष ने बुलाई पहली बैठक, कड़ी सुरक्षा में लिये गये कई अहम फैसले

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में लंबे समय से गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की रुकी हुई कार सेवा को संगत की मांग के अनुसार पुनः शुरू करने के लिए मंथन कर गुरुद्वारा कमेटी में कार्यरत सभी सेवादारों की सैलरी में 1500 की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी कर्मचारियों का बीमा करने का भी प्रस्ताव पास हुआ। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नए प्रधान जोगिंदर सिंह संधू ने प्रथम बैठक बुलाई। बैठक पुलिस की कड़ी सुरक्षा में शुरू हुई, कमेटी की बैठक में सर्वप्रथम डेरा कार सेवा नानकमत्ता साहिब की गुरुद्वारा में बंद सेवा को लेकर चर्चा की गई। कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह संधू ने डायरेक्टरों को अवगत कराया कि संगत द्वारा मांग की जा रही है कि डेरा कार सेवा नानकमत्ता साहिब जो कि पिछले कई सालों से गुरुद्वारा साहिब की सेवा कर रही थी, लेकिन पिछले कई बरसों से पूर्व की कमेटियों द्वारा विवाद के चलते डेरा कर सेवा द्वारा गुरुद्वारा साहिब की सेवा बंद कर दी गई थी, जिससे गुरुद्वारे में होने वाले निर्माण कार्यों में पिछले कुछ वर्षों से कई निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे थे। डेरा कार सेवा के माध्यम से गुरुद्वारे में होने वाली सेवा के लिए नानकमत्ता क्षेत्र के अलावा दूर दराज से भी संगत पहुंचती थी, गुरुद्वारे में कार सेवा शुरू करने के लिए कमेटी में मंथन किया गया, इसके अलावा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा साहिब में होने कार्यों को लेकर कई प्रस्ताव पर चर्चा हुई, जिसमें गुरुद्वारा कमेटी में तैनात कर्मचारियों की सैलरी 1500 बढाने का निर्णय भी लिया गया। साथ कर्मचारियों का स्वास्थ्य बीमा, गुरुद्वारे में ड्यूटी के दौरान कोई दुर्घटना होने पर उसका वह पूर्ण इलाज कराया जाएगा जाएगा। मीटिंग के दौरान पूर्व प्रधान हरबंस सिंह के समर्थक डायरेक्टर नहीं पहुंचे, गुरुद्वारा कमेटी की मीटिंग के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। मीटिंग स्थल पर डायरेक्टर के अलावा किसी को भी आने की इजाजत नहीं दी गई थी। हरबंस सिंह के समर्थकों के न आने से पुलिस ने भी राहत की सांस ली। बैठक के दौरान प्रधान जोगेंद्र सिंह संधू, महासचिव अमरजीत सिंह, डायरेक्टर गुरवंत सिंह सोनी, सरदार गुरदयाल सिंह, सचिव हर भजन सिंह समेत अन्य डायरेक्टर थे।



# चोरी की मोटरसाईकिल सहित तीन गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दरऊ बाजार चौकी के द्वारा जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को रोका तो तीनों भागने का प्रयास करने लगे जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छिनकी निवासी इमरान इमरान अली पुत्र निसार अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी मोटरसाइकिल संख्या ना06 ए के 2177 चोरी कर ली गई है जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मोईन पुत्र सिप्तैन निवासी ग्राम मजरा का मढय्यो दरऊ किच्छा, अरसील पुत्र अफजाल निवासी वार्ड नं0 6 डुंगरपुर थाना शेरगढ बरेली एवं अरमान पुत्र इस्माइल निवासी वार्ड नं0 6 डुंगरपुर थाना शेरगढ बरेली को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने महीन खान उर्फ मोनू खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# चाकू सहित एक दबोचा

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान सुरेश नामक युवक को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। एसआई ललित चौधरी पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान रिंग रोड़ पर एलआईसी आफिस के पास एक युवक संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता सुरेश यादव उर्फ कालू पुत्र रामप्रकाश निवासी साहिबाबाद, दिल्ली हाल निवासी शमशान घाट के पास शिवनगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद हूआ। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद चाकू कब्जे में लेकर सुरेश को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ट्रक से डीजल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने ट्रक से सैकड़ों लीटर डीजल चोरी कर ले जाने के मामले का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को चुराऐ गये तेल के साथ ही तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते हुए एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोटके ने बताया कि 3 मई श्री नीवाल पुरानी पुरापुरमा द्वारा रपट दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात चोर उसकी गाड़ी से 400 लीटर डीजल चोरी करके ले गए हैं। मामले के खुलासे के लिए क्षेत्राधिकारी पंतनगर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों जितेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी विशाल नगर थाना बिलासपुर जिला रामपुर तथा नूर मोहम्मद पुत्र अशरणा निवासी बिरारात नगर थाना बिलासपुर को गिरप्तार कर लिया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त औजारों सहित तमंचा कारतूस भी बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि इस मामले में फरार सर्वजीत उर्फ साबा व गुरजीत सिह निवासीगण बिलासपुर की तलाश जारी है। वार्ता के दौरान एसपी मनोज कत्याल भी मौजूद थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी पंतनगर निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डांगी, सिडकुल चौकी प्रभारी उनि. प्रदीप कोहली, उनि. पंकज महर, कानि. भवानी राम, हरीश रावत, पंकज पोखरियाल, प्रकाश भट्ट, कृपाल सिंह व नितिन कुमार शामिल थें।



# साईबर ठग ने झांसा देकर खाते से उड़ाये सात हजार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं अज्ञात व्यक्ति ने गूगल पे में 20 हजार रूपये डालने की बात कहकर आनलाईन फार्म भरवाकर खाताधारक के खाते से 7 हजार रूपये निकाल लिए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। हनुमानढ़ाल ट्रांजिट कैम्प निवासी रमेश पाल पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि गत सायं उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। जिसने कहा कि वह उसके खाते में 20 हजार रूपये डाल रहा है। एक फार्म भरकर दे दो। रमेश ने बताया उसने जब फार्म भरकर बताये गये नम्बर पर भेजा तो उसके खाते से 6999 रूपये कट गये। उसने बताया कि रात्रि में उसे फिर उसके खाते में रूपये डालने के लिए फोन आया तो उसने पुलिस को जानकारी दी। आज वह साईबर क्राईम कार्यालय में शिकायत लेकर आया है। अब अज्ञात व्यक्ति का फोन नम्बर बंद आ रहा है।


